सोना सजवाण
अध्यक्ष
जिला पंचायत, टिहरी गढ़वाल
एवं
अध्यक्ष
जिला पंचायत अध्यक्ष संगठन, उत्तराखण्ड

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तराखण्ड शासन
G20 भारत 2023 INDIA

अर्द्धशासकीय पत्र संख्या 1269/S-T/023/024
दिनांक 5/09/023
मो0 : 9411145145, 9412077100
Email : zptehri@gmail.com

सेवामें,

अध्यक्ष,
एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इण्डिया,
नई दिल्ली।

विषयः– पत्रांक–यू0 के0 एम0 एस0 एस0 डी0 @ 2023 & 24 @ virtual Classes Equipment / 035 31 अगस्त 2023 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सादर अवगत करना है कि उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय जनपदों में शैक्षणिक उन्नयन की आधुनिक नवीन तकनीकी का नितान्त अभाव है, जिससे जनपद के प्रतिभावान एंव योग्य प्रतिभावों को शिक्षा की आधुनिक तकनीकी का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है, उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति रजि035 हिमालय अर्पामेन्ट 61 इन्द्रप्रस्थ विस्तार पड़पड़गंज,दिल्ली–110092 द्वारा प्रस्तावित एंव एयर पोर्ट अथॉरिटी आफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित राज्य के 80 दूरस्थ माध्यमिक विद्यालयों में जनपद टिहरी गढवाल के पूर्णानन्द इंटर कालेज मुनिकीरेती माध्यमिक विद्यालय में डिजिटल क्लासेस से आच्छादित करने का उत्कृष्ट प्रयास किया जा रहा है, जो कि जनपद के दूरस्थ क्षेत्र के गरीब एंव वंचित समुदायों के छात्र–छात्राओं के शैक्षिण उन्नयन में मील का पत्थर साबित होगा एंव छात्र–छात्राओं को प्रदेश एंव देश स्तर की प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी का लाभ भी मिलेगा।

महोदय उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति का स्थापना काल से ही सामाजिक सरोकार में उत्कृष्ट योगदान रहा है, कोराना काल के दौरान उक्त संस्था द्वारा उच्च गुणवत्ता के मास्क, सेनिटाइजर, इंफारेड थर्मामीटर दवाईयों के साथ ही असहाय एंव गरीब लोगों को राशन, दवाईयां एंव अन्य गृह उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया।

अतः अथॉरिटी आफ इण्डिया, नई दिल्ली एंव उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति के इस उत्कृष्ट पहल के लिये जनपद की जनता अत्यंत आभारी है। इसके साथ ही आपके संज्ञान में लाना है कि जनपद टिहरी गढवाल का उक्त चयनित पूर्णानन्द इंटर कालेज मुनिकीरेती माध्यमिक विद्यालय में डिजिटल कक्षाओं से आच्छादित नही है, अस्तु उक्त विद्यालय इस योजना से आच्छादित किये जाने हेतु पूर्ण पात्रता रखता हैं।

भवदीय

(सोना सजवाण)
अध्यक्ष

पृ0सं0 /वै0स0/2023–2024 दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि– उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति 35 हिमालयन अपार्टमेंट 61 इन्द्रप्रस्थ विस्तार पड़पड़गंज दिल्ली–110092 को सूचनार्थ प्रेषित।

(सोना सजवाण)
अध्यक्ष